Daily Current Affairs 12 April 2022

इस पोस्ट में 12 अप्रैल 2022 डेली करंट अफेयर के महत्वपूर्ण तथ्य का संग्रह उपलब्ध करवाया गया है। जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे- UPSC, SSC, Railway, Bank, RPSC एव अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहद उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। हम कोशिश करते हैं कि जो भी दैनिक करंट बनता है वो आपके सामने रखें जो आपकी सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

1. 10 अप्रैल को मनाया गया विश्व होम्योपैथी दिवस
• होम्योपैथी के महत्व और चिकित्सा जगत में इसके योगदान को उजागर करने के लिए प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस का आयोजन किया जाता है।
• वर्ष 2022 की थीम होम्योपैथी स्वास्थ्य के लिए लोगों की पसंद रखी गई है।

2. पिनाका एमके-I रॉकेट सिस्टम का किया गया सफल परीक्षण
• नोबेल 2022 को राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय सेना की पिनाका एमके-I लोकेश सिस्टम और पिनाका एरिया डेनियल मुनिशन रॉकेट सिस्टम का आखिरी परीक्षण किया।

3. नीति आयोग ने जारी किया राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचना राउंड-1
• 11 अप्रैल 2022 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत नई दिल्ली में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक राउंड-1 जारी किया है।
• बदलती जलवायु के मद्देनजर अपने ऊर्जा संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नीति आयोग यह सूचकांक जारी करता है।

4. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने शुरू के इंडिया एलुमनाई पोर्टल
• 9 अप्रैल 2022 को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने छात्रवृत्ति सहित अन्य माध्यमों से भारत में पढ़ाई पूरी कर चुके दूसरे देशों के छात्रों को जोड़ने में बदलती वैश्विक परिस्थितियों में देश की सॉफ्ट पावर को मजबूत बनाने की पहल के तहत इंडिया एलुमनाई पोर्टल की शुरुआत की है।

5. वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे t20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी
• आईसीसी t20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में किया जाएगा। दोनों टीमों ने अब मेजबान होने के नाते सीधे ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।
• दुबई में 10 अप्रैल 2022 को आईसीसी की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अमेरिका की टीम पहली बार t20 वर्ल्ड कप में खेलेगी।

6. जापान के शोधकर्ताओं ने खोजी hd1 आकाशगंगा
• हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने एचडी फर्स्ट नामक एक नई आकाशगंगा की खोज की है, जिसे अब तक का सबसे दूर स्थित का खगोलीय निकाय माना जा रहा है।

Daily Current Affairs 12 April 2022

7. मनोज सोनी बने यूपीएससी के नए अध्यक्ष
• 5 अप्रैल 2022 को डॉ मनोज सोनी को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष नियुक्त होने से पहले वह संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य थे। उन्होंने दीप कुमार जोशी का स्थान लिया है।
• मनोज का कार्यकाल 27 जून 2023 को समाप्त होगा। बता दे कि अंग्रेज शासित भारत में अक्टूबर 1926 में सर रॉस बार्कर यूपीएससी के पहले अध्यक्ष बने थे। डॉ मनोज सोनी यूपीएससी के 31 वें अध्यक्ष होंगे।

8. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में सीमा दर्शन परियोजना का किया उद्घाटन
• 10 अप्रैल 2022 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के बनासकांठा जिले के नडाबेट में सीमा पर्यटन परियोजना का सीमा दर्शन योजना का उद्घाटन किया है।
• यह परियोजना गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग और सीमा सुरक्षा बल द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई है। यह परियोजना भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

9. उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी फेलोशिप पुरस्कार प्रदान किए
• 9 अप्रैल 2022 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने देश के चार प्रख्यात कलाकारों को वर्ष 2018 के लिए संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप और 40 कलाकारों को संगीत नाटक पुरस्कार दिया गया।

10. शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री
• पाकिस्तान इमरान खान की सत्ता जाने के बाद 11 अप्रैल 2022 को शरीफ नये प्रधानमंत्री चुने गए हैं। तहरीक ए इंसाफ के सभी सांसदों में नेशनल असेंबली से इस्तीफा के बाद सायरा बानो पाकिस्तान में विपक्ष के नेता चुनी गई है।

उम्मीद है दोस्तों आज का करंट अफेयर आपको पसंद आया होगा इसकी आप पीडीएफ फ्री डाउनलोड कर सकते हो आपको हर रोज ऐसे ही करंट अफेयर आप तक पहुंचाते रहेंगे तो हमेशा हमारे साथ जुड़े रहे आप आपका धन्यवाद।